फैक्स / महत्वपूर्ण

संख्या–493 / 1–10–2016–33(24) / 2016

प्रेषक,

आलोक रंजन,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– मण्डलायुक्त,
झांसी एवं चित्रकूट धाम।

2– जिलाधिकारी,
झांसी, ललितपुर, जालौन, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर एवं महोबा।

राजस्व अनुभाग–10 लखनऊ:: दिनॉक:: 22 अप्रैल, 2016

**विषयः– बुन्देलखण्ड में सूखे से प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न वितरण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है बुन्देलखण्ड में सूखे से प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न वितरण हेतु शासन द्वारा पूर्व में धनराशि स्वीकृत की गयी थी तथा शासनादेश संख्या–255 / 1–10–2016–33(24) / 2016, दिनांक 04.03.2016 द्वारा सूखे से गम्भीर रूप से प्रभावित परिवारों को अहैतुक सहायता दिये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त के अतिरिक्त शासनादेश संख्या–417 / 1–10–2016–33(24) / 2016, दिनांक 01.04.2016 द्वारा शासन के पूर्व निर्देशों का अनुपालन करने, खाद्य सामग्री के वितरण की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चिंत करते हुये इसकी वीडियोग्राफी / फोटोग्राफी भी कराने के निर्देश दिये गये हैं।

2– खाद्य सामग्री के वितरण के सम्बन्ध में जनपदों से प्राप्त अद्यतन स्थिति से यह स्पष्ट हो रहा है कि खाद्य सामग्री के वितरण की गति धीमी है। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये खाद्य सामग्री के वितरण में तेजी लायी जाय तथा खाद्य सामग्री की उच्च गुणवत्ता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाय। खाद्य सामग्री को शीघ्र वितरण कराने हेतु समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुये दैनिक कार्यक्रम की सूचना दिनांक 23.04.2016 तक प्रेषित करने का कष्ट करें। प्रत्येक दिन पैकेट बॉटने की संख्या भी राहत आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

3– कृपया इसे शीर्ष वरीयता प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
मुख्य सचिव।

GENERAL G.O. //Pg75